हरियाणा की दो महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते दो गोल्ड मेडल

चर्चा में क्यों?

25 मार्च, 2023 को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा की दो खिलाड़ियों-नीतू घणघस और स्वीटी बूरा ने गोल्ड मेडल जीतकर हरियाणा और हिन्दुस्तान का नाम रोशन किया।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि नीतू घणघस राज्य के भिवानी ज़िले के गाँव धनाना की रहने वाली है तथा स्वीटी बूरा हिसार ज़िले के घिराय गाँव की है।
- नीतू घणघस का 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में फाइनल मुकाबला मंगोलिया की लुत्शेखान अल्तांतसेग के साथ था। इस मुकाबले में नीतू ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया की मुक्केबाज को 5-0 से हराते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।
- गौरतलब है कि पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स में भी नीतू घणघस ने गोल्ड मेडल जीतकर हिन्दुस्तान और हरियाणा का गौरव बढ़ाया था।
- वहीं दूसरी ओर स्वीटी बूरा ने 81 किलोग्राम भारवर्ग में चीन की वैंग लीना को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। स्वीटी ने ये मुकाबला 4-3 के स्प्लिट डिसिजन से जीता। इससे पहले स्वीटी बूरा ने नौ साल पहले इसी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-women-boxers-from-haryana-won-two-gold-medals-in-the-world-boxing-championship